## बिजनेस न्यूज

### मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद 'बिजनेस भूषण' पुरस्कार से सम्मानित

**ग्वालियर।** मालाबार ग्रुप के चेयरमैन, एम.पी. अहमद को लोकमत महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2026 में प्रतिष्ठित बिजनेस भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान उनके दूरदर्शी नेतृत्व और वैश्विक स्तर पर ज्वेलरी रिटेल क्षेत्र के साथ-साथ समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। मुंबई के ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित इस समारोह में राजनीति, उद्योग और मनोरंजन जगत की दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं। पुरस्कार वितरण महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया। इस अवसर पर लोकमत के चेयरमैन विजय दरड़ा, कई मंत्री, अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं। सम्मान प्राप्त करने चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा, 'लोकमत महाराष्ट्रीयन ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स में बिज़नेस भूषण अवॉर्ड प्राप्त करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह सम्मान पूरे मलाबार परिवार की सामूहिक प्रतिबद्धता और हमारे ग्राहकों द्वारा वर्षों से हम पर जताए गए भरोसे को दर्शाता है।

### लतिका के ग्लैमरस देसी लुक्स से दर्शकों को आकर्षित कर रहीं प्रियंवदा कांत

**ग्वालियर।** एण्डटीवी के सुपरनैचुरल हॉरर-कॉमेडी शो 'घरवाली पेड़वाली' में लतिका की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री प्रियंवदा कांत इन दिनों अपने आकर्षक देसी अंदाज से दर्शकों का खूब ध्यान खींच रही हैं। शो की मौजूदा कहानी जैसे-जैसे और रोमांचक होती जा रही है, वैसे-वैसे लतिका अलग-अलग ग्लैमरस पारंपरिक लुक्स में नजर आ रही हैं, जो उनके किरदार की रहस्यमयी और शालीन छवि को खूबसूरती से उभारते हैं। अपने ऑन-स्क्रीन स्टाइल के बारे में बात करते हुए, प्रियंवदा कांत उर्फ लतिका कहती हैं, 'मौजूदा ट्रैक में मेरा किरदार कई खूबसूरत देसी परिधानों में नजर आ रहा है, खासकर रंग-बिरंगे घाघरा-चोली में, जो लतिका के ग्लैमरस अंदाज को और निखारते हैं। हर कॉस्ट्यूम बहुत सोच-समझकर तैयार किया गया है, जिनमें गहरे रंग, बारीक कढ़ाई और लहराते हुए सिल्हूट हैं, जो स्क्रीन पर बेहद शानदार दिखते हैं और दृश्यों में अलग तरह का विजुअल ड्रामा जोड़ते हैं।'

शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन धड़ाम, बिकवाली का दबाव

# सेंसेक्स 829 अंक टूटा, निवेशकों के 5 लाख करोड़ रुपए हुए स्वाहा

● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क

भारतीय शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भारी गिरावट देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 829.29 अंक या 1.08 प्रतिशत गिरकर 76,034.42 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 227.70 अंक या 0.95 प्रतिशत टूटकर 23,639.15 के स्तर पर बंद हुआ। क्रूड के दाम में उछाल और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने बाजार पर दबाव बनाए हुआ है।

इस बीच, भारतीय रुपया कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तेजी से कमजोर होकर 92.36 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया, जिससे निवेशकों की चिंताएं और बढ़ गईं। सबसे अधिक गिरावट बैंकिंग और ऑटो कंपनियों के शेयरों में देखने को मिली।

निफ्टी बैंक 635 अंक टूटकर 55,101 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी ऑटो इंडेक्स में भी आज लगातार दूसरे दिन तेज गिरावट दिखी। पिछले दो दिनों में यह इंडेक्स करीब 6 प्रतिशत तक टूट चुका है। शुरुआती कारोबार में भारी बिकवाली के चलते बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटल से करीब 5.6 लाख करोड़ रुपये कम हो गया और निवेशकों की रकम डूब गई। बीएसई का मार्केट कैप डेटा देखें, तो ये गुरुवार को मार्केट ओपनिंग के साथ सेंसेक्स टूटने से गिरकर 436.27 लाख करोड़ रह गया, जबकि पिछले सेशन में यह 441.90 लाख करोड़ रुपए था।



### कोल इंडिया में रही सबसे अधिक तेजी

निफ्टी 50 की कंपनियों में सबसे ज़्यादा बढ़त कोल इंडिया में देखने को मिली, जिसमें 5.23 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली। इसके बाद, एनटीपीसी में 2.81 प्रतिशत की बढ़त, पावर ग्रिड में 1.61 प्रतिशत की बढ़त, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज में 1.47 प्रतिशत की बढ़त और अडानी एंटरप्राइजेज में 1.39 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली।

**ब्रेंट क्रूड का दाम 100 डॉलर प्रति बैरल के पार:** बाजार का सेंटिमेंट बिगाड़ने वाले अगले कारण की बात करें, तो ये मिडिल ईस्ट युद्ध के चलते गरहाए तेल संकट से जुड़ा है। गुरुवार को एक बार फिर सप्लाई में रुकावट की चिंता के चलते क्रूड ऑइल प्राइस में उछाल देखने को मिला है और ब्रेंट क्रूड का दाम 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है।

### निफ्टी के इन शेयरों में रही ज्यादा गिरावट

| कंपनी | गिरावट |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.33 प्रतिशत |
| क्वालिटी वॉल्स | 3.95 प्रतिशत |
| आयशर मोटर्स | 3.92 प्रतिशत |
| मारुति सुजुकी | 3.61 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.42 प्रतिशत |

निफ्टी 50 की कंपनियों में सबसे ज्यादा नुकसान महिंद्रा एंड महिंद्रा को हुआ जिसमें 4.33 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। इसके बाद, क्वालिटी वॉल्स में 3.95 प्रतिशत की गिरावट, आयशर मोटर्स में 3.92 प्रतिशत की गिरावट, मारुति सुजुकी में 3.61 प्रतिशत की गिरावट और बजाज फाइनेंस में 3.42 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली।

# एनबीसीसी मरीन इकोसिटी परियोजना को करेगा पूरा

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क



केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने गुरुवार को कोच्चि के मरीन ड्राइव में मरीन इकोसिटी परियोजना का शिलान्यास ऑनलाइन किया। कोच्चि के बोलगट्टी स्थित केटीडीसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में केरल के राजस्व एवं आवास मंत्री के राजन, सांसद पीपी सुनीर, विधायक टीजे विनोद, केएसएचबी की हाउसिंग कमिश्नर एवं सचिव गीता, आईएएस, कोच्चि की जिला कलेक्टर जी. प्रियंका, एनबीसीसी के निदेशक वाणिज्य डॉ. सुमन कुमार, केएसएचबी के बोर्ड सदस्य सुभाषपुंज कोट्टिल सहित केएसएचबी और एनबीसीसी के अधिकारी उपस्थित रहे। केएसएचबी और एनबीसीसी के बीच 2023 में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह परियोजना मरीन ड्राइव स्थित बीपीसीएल आवासीय परिसर के निकट निर्मित की जाएगी। इस परियोजना का कार्य केरल राज्य आवास बोर्ड द्वारा किया जा रहा है, जिसमें आवासन और शहरीकार्य मंत्रालय,भारत सरकार के अधीन आने वाली नवरत्न सीपीएसई एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड, परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता पीएमसी के रूप में ईपीसी आधार पर कार्यान्वयन के लिए परियोजना से जुड़ी हुई है।

### पहले चरण में 3.16 एकड़ में किया जाएगा विकसित

परियोजना का चरण-1 में 3.16 एकड़ में विकसित किया जाएगा और इसमें लोअर ग्राउंड फ्लोर, अपर ग्राउंड फ्लोर, 26 मंजिलों वाला मिश्रित उपयोग आवासीय-सह-वाणिज्यिक टावर शामिल होगा, साथ ही एक सटा हुआ पार्किंग ब्लॉक भी शामिल होगा। इस चरण का कुल निर्मित क्षेत्रफल लगभग 85,733 वर्ग मीटर यानी लगभग 9.22 लाख वर्ग फुट होगा, जिसमें पार्किंग सुविधाएं भी शामिल होंगी। इस भवन में लोअर ग्राउंड और अपर ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग और सेवाएं होंगी। पहली से तीसरी मंजिल तक खुदरा वाणिज्यिक स्थान, चौथी और पांचवीं मंजिल पर कार्यालय स्थान, छठी मंजिल पर क्लब हाउस और मनोरंजन सुविधाएं तथा सातवीं से छब्बीसवीं मंजिल तक आवासीय अपार्टमेंट होंगे। आवासीय भाग में कुल 152 अपार्टमेंट होंगे, जिनमें 80 तीन बेडरूम 3बीएचके यूनिट और 72 चार बेडरूम 4 बीएचके यूनिट शामिल होंगी, जिनमें प्रत्येक मंजिल पर आठ अपार्टमेंट होंगे।

# खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.21 प्रतिशत पर पहुंची

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क



पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट और वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं के बीच भारत के लिए एक और चिंता वाली खबर है। फरवरी महीने में देश की खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.21 प्रतिशत हो गई है।

यह बढ़ोतरी ऐसे समय में दर्ज की गई है जब ईरान, इस्राइल और अमेरिका के बीच चल रहे विवाद ने वैश्विक तेल सप्लाई को लेकर खतरे की घंटी बजा दी है। जनवरी में खुदरा महंगाई दर यानी सीपीई 2.75 प्रतिशत थी, जो फरवरी में बढ़कर 3.21 प्रतिशत हो गई है। यह बढ़ोतरी शहरों के मुकाबले गांवों में ज्यादा महसूस की जा रही है।

फरवरी में ग्रामीण महंगाई दर 3.37 प्रतिशत और शहरी महंगाई दर 3.02 प्रतिशत दर्ज की गई। राहत की बात सिर्फ इतनी है कि यह आंकड़ा अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार देश में महंगाई बढ़ने का सबसे बड़ा कारण खाने-पीने की चीजें हैं। फरवरी में खाद्य महंगाई दर तेजी से उछलकर 3.47 प्रतिशत हो गई है, जो जनवरी में 2.13 प्रतिशत थी। आम आदमी के लिए रहना और खाना लगातार महंगा होता जा रहा है। हाउसिंग की बात करें तो महंगाई 2.05 प्रतिशत से बढ़कर 2.12 प्रतिशत हो गई है। ईंधन और लाइट कैटेगरी में महंगाई दर 0.14 प्रतिशत रही। स्वास्थ्य सेवाओं की महंगाई 2.19 प्रतिशत से गिरकर 1.90 प्रतिशत पर आ गई है। वहीं कपड़े और जूतों की महंगाई दर भी जनवरी के 2.98 प्रतिशत से घटकर 2.81 प्रतिशत रह गई है। ईरान संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के पास व्यापारिक जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। अगर कच्चे तेल के दाम 10 प्रतिशत बढ़ते हैं और इसका असर सीधे पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर पड़ता है। , तो खुदरा महंगाई 0.40 प्रतिशत से 0.60 प्रतिशत तक बढ़ सकती है।

**4 प्रतिशत के पार जा सकती है महंगाई:** रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के लिए औसत महंगाई दर 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। हालांकि, वित्त वर्ष 2027 में अप्रैल-जून की तिमाही में यह बढ़कर 4 प्रतिशत और अगली तिमाही में 4.2 प्रतिशत तक जा सकती है। फिलहाल महंगाई आरबीआई के तय लक्ष्य (4प्रतिशत) के भीतर ही है, जिससे बाजार को उम्मीद है कि नीतिगत दरों में तुरंत कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

## आईपीओ के लिए एनएसई ने मर्चेंट बैंकर किए नियुक्त

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अपने बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के प्रबंधन के लिए 20 मर्चेंट बैंकरों, कई कानूनी फर्मों और अन्य मध्यस्थों की नियुक्ति की है। एनएसई की आईपीओ समिति की गुरुवार को हुई बैठक में इन नियुक्तियों को मंजूरी दी गई। इस समिति की अध्यक्षता श्रीनिवास इंजेती कर रहे हैं। एनएसई के निदेशक मंडल की फरवरी में हुई बैठक में आईपीओ लाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्णय के बाद ये नियुक्तियां की गई हैं। प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह मौजूदा शेयरधारकों की ओर से बिक्री पेशकश के रूप में होगा और इसमें नए शेयर जारी नहीं किए जाएंगे। एनएसई ने कहा कि मध्यस्थों का चयन एक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के तहत किया गया है।

# पश्चिम रेलवे और एक्सिस बैंक के बीच हुआ समझौता ज्ञापन




● अहमदाबाद / राज न्यूज नेटवर्क

पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल और एक्सिस बैंक के मध्य हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अंतर्गत 12 मार्च को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एक्सिस बैंक की ओर से दो दिवंगत रेल कर्मचारियों के आश्रित परिजनों को 10-10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए। वित्तीय सहायता दिवंगत कर्मचारी मोहनलाल मीना तथा महेशकुमार लिम्बाचिया (लोको पायलट) की प्राकृतिक मृत्यु के उपरांत उनके परिजनों को 10-10 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक मंडल रेल प्रबंधक वेद प्रकाश, एक्सिस बैंक के डायरेक्टर गुरविंदरजीत सिंह संधु एवं अन्य की उपस्थिति में सौंपी गई।

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया कि एमओयू के तहत रेल कर्मचारियों को बैंकिंग सुविधाओं के साथ-साथ बीमा लाभ भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### एमओयू से होंगे ये लाभ

इसके तहत कर्मचारियों के जीरो बैलेंस सैलरी अकाउंट खोले जाते हैं। दुर्घटना में मृत्यु या पूर्ण स्थायी विकलांगता पर 100 लाख रुपए तक का कवर। 60 वर्ष की आयु तक प्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में 10 लाख रुपए का ग्रुप टर्म लाइफ कवर। दुर्घटना मृत्यु के मामलों में बच्चों की शिक्षा हेतु 8 लाख तक की सहायता। आंशिक स्थायी विकलांगता की स्थिति में मूल कवर का 75 प्रतिशत तक लाभ मिलेगा। रेल प्रबंधक वेद प्रकाश ने कहा, यह समझौता हमारे रेल कर्मचारियों और उनके परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। इससे न केवल कर्मचारियों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं मिल रही हैं, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में उनके परिजनों को सामाजिक और वित्तीय सुरक्षा भी सुनिश्चित हो रही है।

## रुपया 92.25 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर

**मुंबई, आरएनएन।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया 24 पैसे लुढ़ककर 92.25 प्रति डॉलर के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में जबर्दस्त तेजी तथा विदेशी पूंजी की भारी निकासी के कारण रुपये में यह तेज गिरावट आई।


**OFFICE OF THE KRISHI UPAJ MANDI SAMITI RAGHOGARH, DISTT. GUNA**

No./Mandi/Const./25-26/497 Raghogarh, Dated : 23.02.26

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for:
**Tender Number: 2026_MPSAM_484785 (PAC amount Rs. 63.16 Lakh)** Construction of Trolly Shed and CC around Trolly shed at Mandi Yard Raghogarh Distt. Guna. The following works Tender to be received online up to 17:00 on 07.04.2026. Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**
**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/124882/2026 **SECRETARY**


# चांदी 2.76 लाख रु. प्रति किग्रा के पार पहुंची



**नई दिल्ली, आरएनएन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक रुझानों के बीच गुरुवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। वहीं, दूसरी ओर सोने की कीमतों में पिछले तीन दिनों से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया है।

बाजार विशेषज्ञ इस विपरीत चाल को डॉलर की मजबूती और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से जोड़कर देख रहे हैं। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, चांदी की कीमत 1,500 रुपये या 0.54 प्रतिशत उछलकर 2,76,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई है। गौरतलब है कि इससे पहले बुधवार को चांदी 4,275 रुपये की भारी गिरावट के साथ 2,75,000 रुपये पर बंद हुई थी। इसके विपरीत, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 400 रुपये गिरकर 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,65,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था, जिसके साथ ही सोने की तीन दिवसीय रैली समाप्त हो गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो, हाजिर चांदी 1.25 डॉलर (1.47 प्रतिशत) की शानदार बढ़त के साथ 86.99 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। वहीं, हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 5,178.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा।

## 1 अप्रैल से ऑडी की कारें होंगी महंगी

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

ऑडी इंडिया ने भारतीय बाजार में बिकने वाली अपनी सभी कारों की कीमतों में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की है। जर्मन लग्जरी कार निर्माता कंपनी ने 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण बढ़ती इनपुट लागत और मुद्रा में उतार-चढ़ाव को बताया है।

इसके लागू होने के बाद, यह बदलाव देश में उपलब्ध सभी कारों के एक्स-शोरूम कीमतों पर असर डालेगा। ऑडी इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, हाल ही में बढ़ती इनपुट लागत और मुद्रा में उतार-चढ़ाव के कारण, हम 1 अप्रैल, 2026 से 2 प्रतिशत तक की कीमत वृद्धि लागू कर रहे हैं। हम अपने ग्राहकों पर कीमत बढ़ोतरी के प्रभाव को कम से कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जैसा कि पहले बताया गया है, कीमतों में बढ़ोतरी से भारत में ऑडी इंडिया की पूरी लाइनअप पर असर पड़ेगा,यह ऑटोमेकर की भारत में 2026 में पहली कीमत बढ़ोतरी है।


**कार्यालय आयुक्त, नगर पालिका निगम, ग्वालियर**

कंमाक 01/26X13/1 पार्क/26 — ग्वालियर दिंनाक 11/03/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

| S. No. | File/ Tendar no. | Work Name | Estimate Amount | EMD Amount | Sell Start Date | Bid Submission start date | Bid Submission End date |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03/26x13/1, 2026_UAD _479225_2 | Grassing work in park Near Vivekanand Needam in front of Revenue office | 4,12,000/- | 4,150/- | 10/03/26 10:30 AM | 17/03/2026 10:30 AM | 24/03/2026 05:30 PM |
| 02 | 05/26×13/1, 2026_UAD _485707_1 | Providing and fixing Open Gym Equipment And Play Equipment in Ashok Vihar Colony Park And Sakat Nagar Park in ward 31 & Aadharsh Colony Park in Ward no.20 | 11,96,379/- | 9,000/- | 27/02/26 10:30 AM | 16/03/2026 10:30 AM | 30/03/2026 05:30 PM |
| 03 | 52/25×13/1, 2026_UAD _488739_1 | Horticulture work Park of Model town park, Tegor park, rotries and sada divider 2nd call | 11,83,500/- | 8,900/- | 10/03/26 10:30 AM | 17/03/2026 10:30 AM | 24/03/2026 05:30 PM |

कार्यालय आयुक्त नगर पालिक निगम, ग्वालियर में म.प्र.लोक निर्माण विभाग (केन्द्रीयकत पद्धति) में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एंव निर्धारित योग्यता वाले ठेकेदार/अधिकृत विकेताध्फर्म से ई–टेण्डर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर प्रदर्शित की गई है।

पार्क अधीक्षक
नगर निगम, ग्वालियर

RO क्रमांक 153 दि. 12/03/2026



**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमंडल ग्वालियर**

Tel(Office)2341166(fax)2341166, E-mail ID dfotgwa@mp.gov.in

कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्केनर कय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना (Second Call)

ई–निविदा विज्ञप्ति

सामान्य वनमंडल ग्वालियर के अंतर्गत वर्ष 2025–26 में वनमण्डल ग्वालियर के अंतर्गत कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्केनर कय करने के लिए प्रदायकर्ताओं से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज वेबसाईट www.mptenders.gov.in से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं विभागीय वेबसाईट www.mpforest.gov.in पर भी उपलब्ध है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 3 500/– रूपयें (पांच सौ रूपये मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 9000/– (रूपये नो हजार रूपये मात्र) |
| 4 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथी एवं समय | दिनांक 12.03.2026 को दोपहरः 02:00 बजे से |
| 5 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनांक 18.03.2026 को दोपहरः 02:00 बजे तक |
| 6 | प्राप्त तकनीकी प्रस्तावों को खोलने की तिथी व समय | दिनांक 19.03.2026 को दोपहरः 02:00 बजे |
| 7 | प्राप्त तकनीकी प्रस्तावों को खोलने की तिथी व समय | दिनांक 19.03.2026 को दोपहरः 02:00 बजे |

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल भिण्ड

G-27163/25 स्वच्छता ही सेवा



**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

GRIHUM HOUSING FINANCE — Apna Ghar. Apni Pehchan.

पंजीकृत कार्यालय छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा कार्यालय इकाईः प्रथम तल, जेड–26, जोन–1, आईसीआईसीआई बैंक के पास, एमपी नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462011

**ई–नीलामी बिक्री सूचना**

**सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।**

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(यों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे ''**सुरक्षित लेनदार**'' कहा जाएगा) को गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा **अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत** सूचना के अनुसरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है।

सुरक्षित संपत्तियाँ **''जहाँ है जैसी है'', ''जो है जैसी है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर 13–04–2026** को ई–नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम **https://www.bankeauctions.com** वेबसाइट पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं।

**बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया GHFL/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक का संदर्भ देखें।**

| सं. क्र. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए) | मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी) | कब्जे की प्रकृति {सी} | संपत्ति का विवरण {डी} | आरक्षित मूल्य (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | ईएमडी जमा करने की तिथि (जी) | वृद्धिशील बोली {एच} | संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय {आई} | नीलामी की तिथि और समय {जे} | ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K |
| 1 | ऋण संख्या HF0224H21100399 शिवराम झा (उधारकर्ता) वंदना झा (सह–उधारकर्ता) | नोटिस की तिथिः 11–12–2025 कुल देय राशिः रू. 593855/– (सिर्फ पाँच लाख तिरानबे हजार आठ सौ पचपन रुपये) 11–12–2025 तक भुगतान योग्य, **साथ ही वसूली होने तक 13.60% प्रति वर्ष की दर से ब्याज भी देय है।** | भौतिक | प्रॉपर्टी का वह सारा हिस्सा जो वार्ड नंबर 62 में है, सर्वे नंबर 58/2/3 का हिस्सा, प्लॉट नंबर 34 विनायक नगर, ग्राम शेखपुरा, तहसील 5, जिला ग्वालियर (म.प्र.) का हिस्सा, साथ में सभी चल और मिलने वाली प्रॉपर्टी। वहां मौजूद सभी बिल्डिंग और स्ट्रक्चर और जमीन, बिल्डिंग और स्ट्रक्चर जो संबंधित मॉर्गेज की तारीख से/उसके बाद किसी भी समय वहां बनाए/बनाए जा सकते हैं और वहां सभी एडिशन और सभी फिक्स्चर और फ्यूचर जो जमीन से जुड़े हैं या जमीन से जुड़ी किसी भी चीज से परमानेंट रूप से जुड़े हैं, चाहे वह अभी की हो या भविष्य की, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्वः पूरब में रोड 25 फुट, पश्चिमः सेलर की जमीन, उत्तरः प्लॉट नंबर 35, दक्षिणः प्लॉट नंबर 33। एरिया 700 स्क्वायर फीट या 65.05 स्क्वायर मीटर। | रू. 551250.00/– (रुपये पांच लाख इक्यावन हजार दो सौ पचास प्रति) | रू. 55125.00/– (पचपन हजार एक सौ पच्चीस रुपये मात्र) | 10–04–2026 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/– | 06–04–2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक) | 13–04–2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक) | निरंक |

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय–पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं संतुष्ट हो लें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाकर चुकाए जाने चाहिए।

1. इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता (सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) पता– प्लॉट संख्या–68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा–122003। हेल्पलाइन नंबर–7291981124,25,26 सहायता ईमेल आईडी–Support@bankeauctions.com, **संपर्क व्यक्ति–धरणी पी, ईमेल आईडी–** dharani.p@c1india.com **संपर्क नंबर–9948182222** से लॉगिन आईडी और पासवर्ड, जो ई–बोली के लिए अनिवार्य है, पहले ही प्राप्त कर लेना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता उनसे ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी ''गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड–नीलामी आय खाता,'' बैंक–आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या–091551000028 और आईएफएससी कोड– ICIC0000915, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमन नगर–411014 के खाते में किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से **10–04–2026** से पहले जमा करें और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां ई–मेल पर अपलोड करवानी होंगी और स्व–सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजनी होंगीः **पताः प्रथम तल, जेड–26, जोन–1, आईसीआईसीआई बैंक के पास, एमपी नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462011 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई–मेल आईडी** p.adith@grihumhousing.com **नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई–नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.bankeauctions.com और www.grihumhousing.com पर जाएँ।**

**इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम–2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत ऋणी/सह–ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को 15 (पंद्रह) दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।**
**किसी भी मामले में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचार पत्र प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर है, तो फ्री प्रेस जर्नल में प्रकाशित अंग्रेजी समाचार पत्र भाषा की सामग्री मान्य होगी।**

स्थानः भोपाल
दिनांकः 13.03.2026

हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी,
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड